

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 99 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 22 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## मु यमंत्री ने को विधानसभा अध्यक्ष पद की शपथ लेने पर तोमर को दी बधाई

भोपाल :- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। श्री तोमर 16वीं विधानसभा के 19वें अध्यक्ष हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री तोमर का नाम विधानसभा अध्यक्ष के लिये सर्वमान्य रहा। उनके व्यक्तित्व का ही प्रभाव है कि उनके नाम को सभी दलों ने स्वीकारा और उन्हें समर्थन दिया। उनका सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव, सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण और सबको साथ लेने की क्षमता उन्हें सर्वमान्य बनाती है। श्री तोमर के पुरुषार्थ, परिश्रम, विनम्रता और सहज सरल स्वभाव से सदन गौरवान्वित है। निश्चित ही उनके अध्यक्षीय दायित्व निर्वहन से सदन की गरिमा में वृद्धि होगी।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आजादी के अमृत काल में लोकतंत्र के इस मंदिर में अध्यक्ष श्री तोमर के ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का लाभ प्राप्त होगा।

# मोदी की गारंटी का किसानों को इंतजार, व्यापारी ए शन में

**व्यापारियों ने छः हजार वाला चांवल आठ हजार रूपये और तीन हजार रूपये वाला गेहूँ पांच हजार प्रति क्विंटल बेचना प्रारंभ कर दिया**

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश मे विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणापत्र में एलान किया था कि किसानों की धान 31 सौ रूपये और गेहूँ 2700 रूपये प्रति क्विंटल खरीदा जायेगा सरकार की इस घोषणा के बाद किसानों से धान की खरीदी 3100 रूपये प्रति क्विंटल तो प्रारंभ नहीं हुई है परंत व्यापारियों ने उपभो ताओं को लूटना प्रारंभ कर दिया है और उपभोक्ताओं को डराया भी जा रहा है और कहा जा रहा है कि जब सरकार ही धान 3100 रूपये और गेहूँ 2700 रूपये प्रति क्विंटल खरीदने का निर्णय ले चुकी है तो बाजार में चांवल और गेहूँ के भाव तो बढ़ना ही है ।



यहाँ बता दे कि व्यापारियों ने चाँवल और गेहूँ के मनमाने मूल्य वसूलना चालू कर दिया है जो चांवल 6 हजार रूपये प्रति क्विंटल के आस पास था उस चांवल को व्यापारियों ने आठ हजार रूपये प्रति क्विंटल पर बेचना प्रारंभ कर दिया है ।

सरकार की घोषणाओं से किसानों को लाभ हो या न हो परंतु व्यापारियों ने चांदी काटन प्रारंभ कर दिया है ।

यहाँ बता दें कि किसानों से सरकार ने अभी धान खरीदी 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल में खरीदना प्रारंभ नहीं किया है किसान कह रहा है कि मोदी की गारंटी सरकार कब पूरा करेंगी यह कुछ कहा नहीं जा सकता परंतु अपने हितो को साधने वाले व्यापारियों ने मोदी की गारंटी के नाम पर उपभोक्ताओं को ठगना प्रारंभ कर दिया है ।

किसानो ने धान खरीदी केन्द्रो पर धान ले जाना प्रारंभ कर दिया है और धान खरीदी केन्द्रो में अभी धान 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल खरीदने के आदेश नहीं आये है । किसान बार बार जा कर धान खरीदी के आदेशों के बारे पता कर रहा है परंतु उसे रटा रटा जबाव मिलता है कि आदेश अभी आये ही नहीं है और 2183 रूपये प्रति क्विंटल पर ही किसानों की धान खरीदी जा रही है परंतु व्यापारी उपभो ताओं को आठ हजार रूपये प्रति क्विंटल चांवल और पाँच हजार रूपये प्रति ि वटल गेहूँ बेचकर मोटा लाभ कमा रहे है ।


## अक्षत कलश का पूजन और हनुमान चालीसा का पाठ



सिवनी यशोः- आयोध्या श्री राम लला मंदिर से आए हुए अक्षत कलश को श्री राम मंदिर शुक्रवारी से सुभाष वार्ड के सभी राम भक्तों द्वारा कलश यात्रा के रूप में वार्ड में भ्रमण करते हुए बाल रूप हनुमान मंदिर में पूर्ण हर्षोल्लास एवं विधिवत पूजन के साथ स्थापित कराया गया।

गुरूवार की रात्रि 8:30 बजे श्री बाल रूप हनुमान मंदिर महावीर टॉकीज में अक्षत कलश स्थापना के उपरांत भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें समस्त राम भक्तों द्वारा कलश के पूजन उपरांत भजन एवं हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया

## भाजपा पूरे जिले में मनायेगी अटलजी की जयंती: विधानसभावार दी गयी जि मेदारी



25 दिसंबर को मनायी जायेगी जयंती

सिवनी यशोः - देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सिवनी जिला भाजपा पूरे जिले में गरिमा के साथ हर बूथ पर मनायेगी । भाजपा जिला आलोक दुबे ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिये हर विधानसभा कार्यक्रम के प्रभारी और सहप्रभारी नियुक्त किये है ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सिवनी जिले के हर बूथ पर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धा पूर्वक याद किया जायेगा और भाजपा को मजबूत करने का संकल्प लिया जायेगा । हर बूथ पर श्रद्धेय अटल जी की जयंती के कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिये जिले की चारो विधानसभाओं में प्रभारी नियुक्त किये गये है ।

सिवनी विधानसभा में तरूण मुनिया टांक को प्रभारी एवं निरंजन मिश्रा को सह प्रभारी बनाया गया है । इसी प्रकार बरघाट विधानसभा में डॉ. अभिजीत सिंह चौहान को प्रभारी एवं श्रीमती गोमती ठाकुर को सहप्रभारी, केवलारी विधानसभा में डॉ. नवल श्रीवास्तव को प्रभारी एवं देवी सिंह बघेल को सहप्रभारी, लखनादौन विधानसभा में प्रमोद पटेल को प्रभारी एवं आशीष गोल्हानी को सहप्रभारी बनाया गया है ।

भाजपा जिला अध्यक्ष सभी मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया है कि उनके मंडलों के हर बूथ में पंडित अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर को कार्यक्रम संपन्न हो एवं पंडित अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धा के साथ याद किया जाये तथा भाजपा को मजबूत करने का संकल्प लिया जाये इस बात की चिंता मंडल के सभी कार्यकर्त्ता पूरी जि मेदारी से करें यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये ।

## उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने विपक्षी सांसद का पुतला फूंका



सिवनी यशोः-उपराष्ट्रपति धनखड़ को संसद के बाहर टीएमसी सांसद सहित कांग्रेस तथा विपक्षी पार्टियों द्वारा बोले गये अपशब्दों के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में गुरूवार को स्थानीय कचहरी चौक में टीएमसी सांसद के अमर्यादित व्यहार का विरोध करते हुये पुतला फुंका गया । इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उल्लेखनीय उपस्थिती रही ।

भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियाँ संसदीय परंपरा और संवैधानिक पदों की गरिमा पर भी अशोभनीय आचरण का जिस तरह से नग्न प्रदर्शन किया जा रहा है उपराष्ट्रपति की नकल उतारी जा रही है उनके विरूद्ध अपमानजनक शब्द कहे जा रहे है उसका खामियाजा कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष को 2024 के चुनाव में भुगतना पड़ेगा । वक्ताओं ने कहा कि उपराष्ट्रपति जैसे गरिमामय पद पर बैठे व्यक्ति के विरोध में जिस आचरण का प्रदर्शन कांग्रेस सहित कांग्रेस के गठवंधन में शामिल दल के सदस्य कर रहे है वह भारतीय राजनीति के अनुकूल नहीं है और इसकी तीव्र निंदा की जाती है तथा कांग्रेस को इसका खामियाजा चुकाना पडेंगा ।

इस पुतला दहन कार्यक्रम में जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष प्रेमतिवारी, सुजीत जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, संजीव मिश्रा, भाजपा जिला महिला मोर्चे की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, निरंजन मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय सोनी एवं अभिषेक दुबे, विनोद सोनी, नरेन्द्र ठाकुर, मुकेश सोनी, सुनील बघेल, मोनू मिश्रा, मनोज नामदेव मुनिया टांक, स्वदेश अवधवाल, रविशंकर भांगरे, अलकेश रजक, अनूप मिश्रा, रामजी चंद्रवंशी, भुनेश कल्हाड़े, आयुष कुल्हाड़े, अनिल कश्यप, गार्वे जी, राजकुमार आदि उपस्थित रहे ।

# सिवनी प्रीमियर लीग SPL टूर्नामेंट का शुभारंभ 23 दिसंबर से

## *टूर्नामेंट में वेटरन की सर्वाधिक 20 टीमें हिस्सा लेंगी*

सिवनी यशोः- सिवनी जिले की भव्य टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित 23 दिसंबर से आयोजित हो रही है । खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएँ और खेल प्रेमी दर्शक प्रतियोगिताओं का सही तरीके से आनंद ले सके इसके हर संभव प्रयास आयोजन समिति द्वारा किये गये है ।

जिला टेनिस क्रिकेट संघ के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर द्वारा विज्ञप्ति में बताया गया कि SPL संबंधित अग्रिम समस्त तैयारी पूर्ण हो गई है पिछले 15 दिनों से ग्राउंड को खेलने योग्य बनाने हेतु ग्राउंड समिति बनाई गई थी। SPL संयोजक अब्दुल काबिज खान के नेतृत्व में ग्राउंड समिति ने अपना प्राथमिक कार्य पूर्ण कर चुकी हैं। विदित हो की सिवनी में अच्छी प्रतियोगिताओं के लिए एक भी क्रिकेट ग्राउंड नहीं है बावजूद इसके स्क्क समिति जिसमे अब्दुल



क़ाबिज़ खान संयोजक, नरेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, जीशान खान कोषाध्यक्ष, योगेश राजपूत उपाध्यक्ष आसिफ पटेल उपाध्यक्ष, अभिषेक दुबे उपाध्यक्ष, जोएब खान उपाध्यक्ष, एवं खेल जगत से जुड़ी श सयतों से मिलकर बनाई गई आयोजन समिति सिवनी के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए उचित मंच SPL पिछले 7 वर्षो से दे रहा है। ये समिति मिशन स्कूल ग्राउंड में अपने अनुभवी सदस्य जो ग्राउंड पिच बनाने में दक्षता रखते हैं। के साथ मिलकर मैदान को खेलने योग्य बनाते है। जिसके लिए जेसीबी मशीन रोलर मशीन का स्तेमाल किया जाता है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्पेल टूर्नामेंट प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दो आयु वर्ग में आयोजित की जा रही है एक आयु वर्ग में ओपन के खिलाड़ी खेलेंगे तो वही दूसरा आयु वर्ग में 40 वर्ष के अधिक खिलाड़ी खेलेंगे।।

प्रतियोगिता दो चरणों में होगी प्रथम चरण में लीग मुकाबले खेले जाने हैं तो वहीं दूसरे चरण में नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे।

40 वर्ष के अधिक आयु वर्ग वेटरन में 20` लाबो की टीमें हिस्सा ले रही है। जिनके लीग मैच 23 दिसंबर से सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जाएंगे जो से 27 दिसंबर इसके बाद नॉकआउट मैच और ओपन टीमों के मैच आयोजित किए जाने हैं।

आयोजन समिति के अध्यक्ष और पूरी आयोजन समिति ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से स्पेल टूर्नामेंट को सफलतापूर्ण आयोजित करने हेतु सिवनी जिले के खेल प्रेमियों प्रतिष्ठित नागरिकों से पूर्ण सहयोग की अपील की है।

## 21 दिस बर को जिला पंचायत सदस्य के लिए प्राप्त हुआ दो नाम निर्देशन पत्र

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार सिवनी जिले में जिला पंचायत सदस्य के रिक्त एक पद के लिए क्षेत्र क्रमांक-1 में शामिल 35 पंचायतों के साथ ही जनपद पंचायत सिवनी की ग्रामपंचायत उमरिया, लखनादौन जनपद की ग्राम पंचायत गनेशगंज के सरपंच पद तथा विभिन्न जनपदों के कुल 52 पंचों के लिए उप निर्वाचन होना है।

जारी कार्यक्रमानुसार 15 दिस बर को निर्वाचन की सूचना उपरांत प्रारंभ हुई नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति की कार्यवाही में गुरूवार 21 दिस बर को जिला पंचायत सदस्य के लिए घनश्याम डहेरिया एवं आशाराम सतनामी ने अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 दिस बर 23 को दोपहर 3.00 बजे तक होगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 दिस बर को तथा अ यार्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिस बर 23 दोपहर 3 बजे तक होगी। निर्वाचन कार्यक्रमानुसार रिक्त पदों के लिए 5 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

# श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के लिये आये अक्षत कलशों का हुआ वितरण

**अक्षत कलश के साथ उत्साह से निकली शोभायात्रा**

सिवनी यशोः- भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर के पूजा और श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए पीले चावलों के अक्षत कलश के तौर पर अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण आया है बुधवार को नगर के मठ मंदिर से प्रत्येक वार्ड के रामभक्तों ने अपने अपने वार्ड के लिये अक्षत कलश प्राप्त किये और इन अक्षत कलशों को लेने के लिये नगर के सभी वार्डो से बाजे गाजे के साथ रामभक्तों की टोलियाँ पहुँची । अक्षत कलशो का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया और मठ मंदिर से सभी वार्डो के लिये अक्षत कलश विद्वान आचार्यो के माध्यम से हर वार्ड के लिये सौंपे गये ।







प्रत्येक वार्ड से अक्षत कलश प्राप्त करने वाली सनातनियों की टोलियों ने पंडित जानकी बल्लभ मिश्रा के हस्ते अक्षत कलश प्राप्त करने के पश्चात नगर के सभी वार्डो से पहुँची टोलियों ने सामूहिक रूप से मठ मंदिर से श्रीराम मंदिर तक शोभयात्रा निकाली इस भव्य शोभायात्रा में अनेक आकर्षक झांकिया, बैंडबाजे, ध्वज पताकाएँ एवं आकर्षक वेशभूष में पीले वस्त्र धारण किये हुये मातृशक्तियों ने अक्षत कलशों को सिर पर धारण किया हुआ था ।

मठ मंदिर से उत्साहित सनातनियों की शोभायात्रा में अपार उत्साह के साथ जहाँ गगनभेदी जय श्रीराम के नारे लग रहे थे वहीं आतिबाजी भी नगर भ्रमण के दौरान जमकर की जा रही थी इस शोभायात्रा में अपार जनसमुदाय के साथ मातृशक्ति की बड़ी उपस्थिती रही नगर के जिस क्षेत्र से शोभायात्रा निकल रही थी उत्साहित और श्रद्धावान परिवार जमकर पुष्पवर्षा करते रहे । शोभायात्रा में सनातन धर्म के आचार्य एवं सनातनी पंथ के धर्म प्रमुखों की उपस्थिती रही। शोभायात्रा में दरबार की सुंदर झांकी जहाँ आकर्षण का केन्द्र रही वहीं हनुमान जी का रूप धारण करने वाले हनुमानजी वेहद मनमोहक रहे वहीं वानर सेना सहित अनेक सुंदर झांकिया शामिल रही ।

शोभायात्रा के दौरान ढोल नगाड़ो के सुरों पर सनातनी जमकर झूमते हुये शोभायात्रा का आकर्षण बढ़ा रहे थे तो अनेक व्यायामशालाओं के स्वयंसेवक अपने आकर्षक प्रदर्शन से शोभायात्रा की शोभा में चार चांद लगा रहे थे । अपार उत्साह के साथ शोभायात्रा मठ मंदिर से छिंदवाड़ा चौक, महावीर मढिया, शंकर मढ़िया, नगर पालिका चौक से नेहरू रोड होते हुये राममंदिर पहुँची । जहाँ से सभी वार्डो के रामभक्तों ने प्राप्त अक्षत कलश अपने अपने वार्डो में लेकर उत्साह के साथ रवाना हुये ।

वार्डो में पहुँचे अक्षत कलशों का वार्ड के सनातन समाज ने उत्साह के साथ स्वागत किया और पूजन अर्चन कर कलशों की परिक्रमा लगायी और राम कीर्तन तो कहीं हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ किये गये । सभी रामभक्तों को बताया गया कि सनातन समाज के आराध्य भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर पाँच सौ साल से अधिक के संघर्ष के बाद पुर्ननिर्माण हुआ है और रामजन्मभूमि अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है और इसके पश्चात सभी सनातनियों को अयोध्या पहुँचने के लिये पीले चाँवल भेंजे गये । अक्षत कलश आये पीले चांवन अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण है। 22 जनवरी को भगवान श्री राम लला की मूर्ति की स्थापना हम सब देश में उत्साह के साथ दीवाली मनायेंगे ।


## जबरन नॉलेज



# साधनों पर नहीं, मन पर निर्भर है सेवाकार्य - भय्या जी जोशी

## भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से आयोजित तीन दिवसीय व्या यानमाला में 'सेवा परमो धर्मः' विषय पर उद्बोधन, चिकित्सा क्षेत्र में सेवा के लिए श्री गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का किया स मान





भोपाल। सेवा का क्षेत्र ऐसा है, जो साधनों पर निर्भर नहीं है। सेवा के लिए मन चाहिए। मन जब तैयार होता है तो साधनों की परवाह किए बिना व्यक्ति सेवा कार्य के लिए निकल पड़ता है। सेवा कार्य योजना से नहीं किए जाते, यह तो मन की वेदना के आधार पर किए जाते हैं। सेवा करनेवालों ने अपने कार्यों से 'सेवा परमो धर्मः' को सिद्ध किया है। ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री सुरेश जी जोशी उपा या भय्या जी ने व्यक्त किए। भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से रवींद्र भवन, भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय व्या यानमाला में अंतिम दिन उन्होंने 'सेवा परमो धर्मः' विषय पर अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर), भोपाल के निदेशक प्रो. गोवर्धन दास ने की। मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के संघचालक एवं न्यास के अध्यक्ष श्री अशोक पांडेय भी उपस्थित रहे। मु य वक्ता श्री भय्या जी जोशी ने कहा कि भारत के अलावा और कहीं धर्म के समान शब्द नहीं है। हमारी संकल्पना में धर्म एक व्यापक तत्व है। इसके दो पक्ष हैं- सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि धर्म को आचरण में लानेवाले मुझे सबसे प्रिय हैं। इसी प्रकार सेवा भी सिद्धांत का नहीं अपितु आचरण का विषय है। चिंतन जब व्यवहार में दृश्यमान होता है, तब सेवा दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ विचारों की व्या या करना अलग विषय है लेकिन आचरण के माध्यम से उन विचारों के समीप जाना साधना है। हम सिद्धांत में कहते हैं कि विषमता नहीं होनी चाहिए लेकिन आचरण में यह दिखाई देती है। कोई भी ज्ञान तब परिपूर्ण होता है, जब वह आचरण में दिखाई देता है। महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्योधन धर्म जानता था लेकिन उसकी प्रवृत्ति धर्म के पालन की नहीं थी। इसलिए सेवा और धर्म को जानने से नहीं अपितु उसको आचरण में उतारने की हमारी प्रवृत्ति बननी चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के चांपा में संचालित कुष्ठ रोगियों की सेवा के प्रकल्प सहित कई उदाहरण बताए।

**बुद्धि नहीं, संवेदनाओं से आता है सेवा का विचार :**

महात्मा गांधीजी के जीवन का एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए श्री भय्या जी जोशी ने बताया कि गांधीजी कहते थे, पुनर्जन्म में मेरा विश्वास है। इसलिए मुझे दूसरा जन्म रोटी के रूप में मिले ताकि किसी के पेट भरने के काम आ सकूं। यह विचार मन में उत्पन्न संवेदनाओं के कारण आता है। बुद्धि के आधार पर नहीं, जब हम संवेदनाओं के आधार पर विचार करते हैं तो सेवा का भाव आता है।

**विवेक के अभाव में होता शक्तियों का दुरुपयोग :**

श्री भय्या जी जोशी ने कहा कि यह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हम अपने शारीरिक, बौद्धिक और आत्मिक बल का उपयोग किस प्रकार करते हैं। जब अपनी शक्तियों का उपयोग अपने लिए किया जाता है तो उसे अधर्म कहा गया है और जब दूसरों के लिए इनका उपयोग करता है, तब उसे धर्म कहा गया है। उन्होंने कहा कि हमें उचित एवं अनुचित का विवेक विकसित करना चाहिए। इस विवेक के अभाव में सभी प्रकार की शक्तियों का दुरुपयोग ही होता है।

**निष्काम भाव का वास्तविक अर्थ :**

श्री भय्या जी जोशी ने कहा कि श्रीमद् भगवतगीता में भगवान श्रीकृष्ण ने यह नहीं कहा कि काम करो लेकिन फल की चिंता नहीं करो। यह निष्काम भाव से किया गया कर्म नहीं है। वास्तव में तो हमें प्रत्येक कार्य परिणाम के लिए ही करना चाहिए। कार्य का परिणाम आता ही है। लेकिन इस कार्य के परिणामस्वरूप जो फल प्राप्त होगा, वह मेरे लिए होगा, यह आवश्यक नहीं। इस भाव के साथ किया जानेवाला कार्य ही निष्काम भाव है। उन्होंने बताया कि नरसी मेहता कहते थे कि 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' अर्थात् जो दूसरों के दुःख को समझते हैं, वही ईश्वर के भक्त हैं। तुकाराम जी महाराज ने कहा कि जो कष्ट में जीते हैं, उन्हें अपना मानने वाला ही साधु है। रामकृष्ण परमहंस को मूर्ख में भी ईश्वर को देखते थे। स्वामी विवेकानंद ने नर सेवा को ही नारायण सेवा कहा। राजा रंतिदेव का उदाहरण भी उन्होंने बताया।

**संघ के स्वयंसेवक आपदा में भी आगे आकर करते हैं सेवाकार्यः**

प्रो. गोवर्धन दासअध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. गोवर्धन दास ने कहा किस्वयंसेवक का अर्थ है जो दूसरों की सेवा के लिए तैयार रहते हैं। 'सेवा परमो धर्मः' भारत का बीज मंत्र है। संघ के स्वयंसेवक भी मंत्र को लेकर जीते हैं। जहां भी आपदा आती है, संघ के स्वयंसेवक सबसे आगे खड़े होकर सेवा करते हैं। कोरोनाकाल में अपने प्राणों को हथेली पर रखकर संघ के स्वयंसेवकों ने सेवाकार्य किया था। ज मूक्कश्मीर से लेकर केरल तक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के बाद भी स्वयंसेवक उदारतापूर्वक समाज की सेवा करते हैं। उन्होंने कई उदाहरण देकर बताया कि 'सेवा परमो धर्मः' भारत की परंपरा है। हमारी संस्कृति में नर को नारायण के रूप में देखा जाता है। आज की युवा पीढ़ी को भी यही संस्कार दिया जाना चाहिए। युवाओं में मानव सेवा का भाव पैदा करने में शैक्षिक संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कार्यक्रम में प्रस्तावित भाषण डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने रखा और संचालन न्यास के सचिव सोमकांत उमालकर ने किया।

**श्री गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तात्या टोपे नगर को सेवाकार्यों के लिए किया गया स मानित :**

भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा कार्यों के लिए श्री गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तात्या टोपे नगर को स मानित किया गया। श्री गुरुदेव नानक जी के 500वें प्रकाश पर्व पर समिति की ओर से डॉ. तेजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में नवंबर 1969 में गुरुनानक परमार्थिक चिकित्सा केंद्र शुरू किया गया था। इस केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे निरंतर सेवाकार्यों को ध्यान में रखकर न्यास ने संस्था का स मान किया है। स मान समिति के अध्यक्ष जोगिंदर पाल अरोड़ा ने ग्रहण किया।

**पुस्तक 'मेरी यात्रा : 1857 का आंखों देखा हाल' का विमोचन**

इस अवसर पर अर्चना प्रकाशन, भोपाल से प्रकाशित पुस्तक 'मेरीयात्रा : 1857 का आंखों देखा हाल' का विमोचन किया गया। यह पुस्तक विष्णुभट्ट गोडसे की मूल मराठी पुस्तक 'माझा प्रवास' का स पूर्ण अनुवाद है। लेखक एवं साहित्यकार रवींद्र काले ने यह अनुवाद किया है। पुस्तक का परिचय अर्चना प्रकाशन के अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने कराया। उन्होंने कहा कि यह ऐसी पुस्तक है, जिसमें 1857 के आंदोलन का आंखों देखा हाल लिखा गया है। इस पर पूर्व में अमृतलाल नागर जी की पुस्तक आई थी लेकिन उसमें स पूर्ण अनुवाद नहीं है। नागर ने बहुत से प्रसंगों को छोड़ दिया था लेकिन इस पुस्तक में विष्णुभट्ट की लिखी पुस्तक का अक्षरशः भावानुवाद है।

# प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव

***प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित**

***प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता**

***जनसंवाद सिर्फ एक शुरुआत है**

***कर्तव्यों के पालन के साथ रहें जनता के प्रति संवेदनशील**

***जिला पांढुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिको से किया संवाद**



भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे। जनता के हित में लगातार कार्य किए जायेंगे। मु यमंत्री डॉ मोहन यादव जिला पांढुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पहली बार आप सभी के बीच संवाद करने आया हूं। यह सिर्फ एक शुरुआत है, मैं लगातार आपके बीच जाकर संवाद करता रहूंगा। संवाद के इस सिलसिले को जनसंवाद का नाम दिया गया है। जनता से बात करके, जनता की कठिनाइयों को समझ कर हर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा।

**प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता**

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता है। इस नाते आप सभी के बीच लगातार आता रहूंगा। आप सभी से बात कर आपकी समस्याओं का निराकरण करूंगा। जो छोटे, नवीन और पिछड़े जिले हैं, उनकी क्षेत्रानुसार स्थानीय कठिनाइयां है। इन कठिनाइयों को मौके पर जाकर समझना और समाधान करना जरूरी है। जिला बनने के बाद जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर कर उसका विकास करना राज्य शासन का दायित्व है।

**कर्तव्यों के पालन के साथ रहें जनता के प्रति संवेदनशीलता**

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि शासकीय अमले का कर्तव्य है कि मुस्तैदी से अपना कार्य करें। जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन के निर्देशों का पालन करें। अपने कर्तव्यों के पालन के साथ ही जनता के प्रति संवेदनशील रहें। जनता के हित में लगातार कार्य करते रहें।

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांढुर्णा के पाथई और कोडिया ग्राम के निवासियों से संवाद किया। ग्राम पाथई के कृषक श्री राहुल कुमार से संवाद करते हुए मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए सभी कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया है। प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में कमी आती है और उसके अनुपात में फसल की कीमत अधिक मिलती है। जमीन की उर्वरता बनी रहती है। कृषक श्री राहुल ने बताया कि उनकी 10 एकड़ जमीन है। जिसमें वो पूरी तरह प्राकृतिक खेती करते है। शासन की योजना का लाभ लेकर नवरतन नाम का आटे का यूनिट भी लगाया है। एक अन्य कृषक ने भी मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बताया कि उन्हें पीएम किसान स मान निधि और मु यमंत्री किसान कल्याण योजना से साल में 12 हज़ार रुपए मिलते है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव को स्थानीय आशा कार्यकर्ता श्रीमती नर्मदा काकड़े ने बताया कि जन समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए वह चौबीस घंटे तत्पर रहती है। आज ही बच्चों का टीकाकरण करके कार्यक्रम स्थल आई है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीमती काकड़े की सेवा भावना की सराहना की और उन्हें निरंतर जनता के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कन्या पूजन कर संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने स्थानीय मंदिर में पुष्प अर्पण कर नमन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री नाना भाऊ माहोड़, जबलपुर कमिश्नर श्री अभय वर्मा, आईजी श्री उमेश जोगा, डीआईजी श्री सचिन अतुलकर, पांढुर्णा कले टर श्री अजय देव शर्मा, छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशानिक अधिकारी और बड़ी सं या में ग्रामजन उपस्थित रहें।

# बढ़ती ठंड को देखते हुए जानवर के लिए वन विहार में लगाए गए पर्दे-हीटर

भोपाल। मध्यप्रदेश के मौसम में सर्द हवाओं के चलते तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रहा है. प्रदेश के अधिकतर जिलों का तापमान 10 डिग्री के नीचे दर्ज किया जा रहा है. जहां एक तरफ इस ठंड ने लोगों की ठिठुरन बढ़ा दी है, वहीं दूसरी तरफ जानवर भी अब परेशान नजर आ रहे हैं. हालांकि वन विहार ने जानवरों को ठंड से बचाने के लिए तैयारी पूरी कर ली है. राजधानी स्थित वन विहार नेशनल पार्क में जानवरों के बाड़े में बने हाऊस में पर्दे लगाए गए हैं. असिस्टेंट डायरे टर ने बताया कि 15 बाड़ों में जानवरों के हाउस के गेट और खिड़कियों में पर्दे लगाए हैं. हीटर और तखत भी लगाया गया है. ताकि, जानवरों की सेहत न बिगड़ सके. सभी जानवरों के पिंजरे में ठंड से बचने की व्यवस्थाएं की गई. पिंजरे में हीटर और काला पर्दे लगाए गए हैं. वन विहार घूमने आए पर्यटकों में यह दृश्य देखने के लिए खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. यहां के टाइगर, तेंदुआ, आलसी भालू और चीतल पर्यटकों को आकर्षित करते ही हैं साथ ही चित्तीदार हिरण और तितली पार्क भी कुछ कम नहीं हैं. यह सैलानियों के लिए सबसे उर्पयुक्त जगह है.

बता दें कि वन विहार किसी भी राजधानी के बीचों बीच में पहला नेशनल पार्क है. राजधानी भोपाल के शहर से सटे नजदीक होने और बस, ट्रेन और हवाई यात्रा के आवागमन की सुगमता के चलते सैलानियों के लिए बेहद खास है.।

# इंदौर में सोमवार को कोविड का मरीज मिला, राजधानी में अलर्ट जारी

भोपाल। केरल में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से संक्रमित मरीज के मिलने के बाद मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी सभी स्थानों में अलर्ट जारी कर दिया है। कोविड को लेकर केंद्र की गाइडलाइंस प्रदेश भर में लागू किया गया है। गौरतलब है कि केरल में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन1 का मामला आया है। जिसके बाद से केंद्र सरकार ने भी एडवाइजरी जारी की है। वहीं इसे लेकर मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी हो गया है। सोमवार को इंदौर में कोविड का एक पाजीटिव मिला है, इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सीएमएचओ डा. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट में रहने के निर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को सलाह दी है कि वे सभी जिलों में कोविड जांच के दिशा निर्देश के अनुसार पर्याप्त परीक्षण सुनिश्चित करें. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को ज्यादा-ज्यादा से सं या में आरटी-पीसीआर परीक्षणों सहित पर्याप्त परीक्षण सुनिश्चित करने की सलाह भी दी है। वहीं, सरकार ने राज्यों को जीनोम सीक्वेंस के लिए पाजिटिव नमूने प्रयोगशालाओं को भेजने के लिए कहा गया है।

# बांधवगढ़ में फिर हुई बाघ की मौत, वन विभाग ने कहा-वर्चस्व की लड़ाई में गई जान



भोपाल। बाघों के गढ़, बांधवगढ में एक नर बाघ की मौत हो गई है. मारे गए बाघ की गर्दन, कंधे और पीठ में लड़ाई के घातक निशान मिले हैं. घटना स्थल की जांच में पग मार्ग देखकर बाघों के बीच हुए जबरदस्त खूनी संघर्ष का अनुमान लगाया जा रहा है. फिलहाल, बाघ के शव को कब्जे में लिया गया है और जांच चल रही है.

**यह है मामला**

दरअसल, उमरिया में बुधवार को वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि ताला रेंज के किला मार्ग में एक बाघ का शव पड़ा हुआ है. इस सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची. इलाके की सर्चिंग में इस बात की आशंका जाहिर की गई कि बाघों के बीच हुए खूनी संघर्ष में ये मौत हुई होगी. वन विभाग की टीम लड़ाई में शामिल दूसरे बाघ की सर्चिंग में जुटी हुई है. माना जा रहा है हिंसक लड़ाई में उसे भी गंभीर चोटें आई होंगी. रेंज का वन अमला बाघ ट्रैकिंग में लगा हुआ है.

**2018 के बाद सं या बढ़ी**

स्थानीय वन्यजीव प्रेमियों का मानना है कि साल 2018 के पहले यहां 124 बाघ थे. अब कैट प्रजाति के इन रॉयल बंगाल टाइगर्स की सं या 164 पहुंच गई है. टाइगर वृद्धि के इस अनुपात की तुलना में जंगल को बढ़ने के लिए सरकार कोई ठोस कार्य योजना नहीं बना रही है.

**इस साल 13वीं मौत**

बाघों की बढ़ रही सं या के बीच उनकी मौतों का आंकड़ा भी बढ़ रहा है. इसी साल बफर जोन के आसपास बढ़ रहे अतिक्रमण और बंद होते कॉरिडोर के चलते सालभर में 13 बाघ आपसी संघर्ष में मौत के शिकार हो चुके हैं.

# विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की बसाहटों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों

## अभियान का संचालन संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ किया जाए - श्री पटेल

**राज्यपाल श्री पटेल द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की समीक्षा**



भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारिया, सहरिया और बैगा जनजाति की बसाहटों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं और सेवा केन्द्रों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए। मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, आवश्यकता और पूर्ति की जानकारी को तहसीलवार संकलित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जानकारी को मानचित्र पर उनकी भोगौलिक स्थिति के साथ चिंहांकित किया जाए। लक्ष्य पूर्ति के लिए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार कर समय सीमा में कार्रवाई की जाए।

राज्यपाल श्री पटेल प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की समीक्षा के दौरान जनजातीय कार्य विभाग और जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, अपर मु य सचिव जनजातीय कार्य श्री एस.एन. मिश्रा और राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि महाअभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। जरूरी है कि विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया, सहरिया और बैगा की चिंहित बसाहटों के बाहर निवास करने वाले हितग्राहियों को भी महाअभियान के तहत लाभांवित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे। अभियान की गतिविधियों का संचालन संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ किया जाए। उन्होंने भारिया, सहरिया और बैगा जनजाति परिवारों की आजीविका के लिए संचालित दुधारू पशु योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल को बताया गया कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के हितग्राहियों की पहचान के लिए जनजाति अनुसंधान संस्थान द्वारा सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान 45 प्रश्नों की प्रश्नावली में जानकारियाँ प्राप्त कर गतिशक्ति पोर्टल पर दर्ज की जा रही हैं। सर्वेक्षण का कार्य शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा। राज्यपाल को बताया गया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनातंर्गत देश के 18 राज्यों के 75 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह को लाभांवित करने का लक्ष्य तय किया गया है। योजना केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं केन्द्र और राज्य मंत्रालयों के सहयोग से कार्यान्वित की जाएगी। योजना के तहत 9 विभागों की 11 महत्त्वपूर्ण गतिविधियों पर केंद्रित रहेगी। इसके अंतर्गत पक्का आवास, बेहतर पहुँच मार्ग, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण एवं संचालन, बिना बिजली वाले मकानों का विद्युतीकरण, पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, सामुदायिक जल उपलब्धता, आंगनबाड़ियों का निर्माण एवं संचालन, वन-धन विकास केन्द्रों का संचालन, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, सड़को एवं बहुउद्देशीय केन्द्रों में सौर ऊर्जा की उपलब्धता, शून्य दशमलव तीन किलो वॉट सोलर ऑफ-ग्रिड की स्थापना, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कुल 24 हजार करोड़ रुपये का बजट अनुमान रखा गया है, जिसमें केंद्रांश 15 हजार 366 करोड़ रुपये एवं राज्यांश 8 हजार 768 करोड़ रुपये रहेगा। योजना का क्रियान्वयन वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान किया जायेगा।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर रहा बालरंग महोत्सव - आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती श्रीवास्तव

**राज्यस्तरीय बालरंग महोत्सव में प्रदेश के बच्चों का सांस्कृतिक प्रतिभा प्रदर्शन**

**वरिष्ठ आयुवर्ग लोकनृत्य में इंदौर संभाग और शास्त्रीय नृत्य में ग्वालियर संभाग रहे प्रथम**

भोपाल । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर, भोपाल में ÷राष्ट्रीय बालरंग ÷महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अनुक्रम में आज ÷राज्यस्तरीय बालरंग÷ अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रदेश के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का मंचन किया। बालरंग महोत्सव की थीम - ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के अनुरूप प्रदेश के विभिन्न संभागों के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित किया।

आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां आवश्यक हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को ÷राष्ट्रीय बालरंग÷ महोत्सव साकार कर रहा है। यह महोत्सव कला और संस्कृति की विविधता को एकात्मकता के सूत्र में पिरो रहा है। बच्चों को उनकी स्वाभाविक प्रतिभा के लिए यह मंच अवसर दे रहा है।

राज्यस्तरीय बालरंग में प्रदेश के 9 संभागों के लगभग 1 हजार प्रतिभागियों ने सहभागिता की। राज्यस्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विभिन्न संभागों के विद्यार्थियों ने लोक नृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए। लोकनृत्य (कनिष्ठ) में जबलपुर संभाग प्रथम, सागर संभाग द्वितीय एवं भोपाल संभाग तृतीय स्थान पर रहा। वहीं लोकनृत्य (वरिष्ठ) में इंदौर संभाग से गणगौर नृत्य प्रथम, जबलपुर संभाग से बामा नृत्य द्वितीय एवं उज्जैन संभाग से ताली नृत्य तृतीय स्थान पर रहा। शास्त्रीय नृत्य (कनिष्ठ वर्ग) में भोपाल संभाग प्रथम, सागर संभाग द्वितीय और नर्मदापुरम संभाग तृतीय स्थान पर रहा। वहीं शास्त्रीय नृत्य (वरिष्ठ वर्ग) में ग्वालियर संभाग प्रथम, इंदौर संभाग द्वितीय और भोपाल संभाग तृतीय स्थान पर रहा।

विद्यार्थियों ने सुगम संगीत एवं वादन में भी प्रतिभागिता की। निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण एवं प्रश्न मंच साहित्य विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिताएं भी हुई। संस्कृत, मदरसा, योग एवं निशक्तजन की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई, जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। राज्यस्तरीय बाल रंग में लघु भारत प्रदर्शनी, विद्यार्थियों द्वारा निर्मित क्रिएटिव क्रा ट, गतिविधि आधारित प्रदर्शनी एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न जिलों एवं राज्यों के खाद्य पदार्थ (फूड जोन) की प्रदर्शनी भी आयोजित हुई। इस अवसर पर संचालक लोक शिक्षण श्री डी एस कुशवाह, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक श्री अमिताभ पांडे एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण (भोपाल संभाग) श्री अरविंद चोरगढे, विभिन्न अधिकारीगण, शिक्षकगण सहित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे

# रपटा घाट के आस - पास बढ़ती अव्यवस्थाओ बढ़ रहा दुर्घटनाओ का खतरा

मंडला यशोः- शाम के समय नगर वासियों की सबसे प्रिय जगह रपटा घाट है । यहाँ माँ नर्मदा के किनारे लोग दिन भर की थकान को भूल सुकून की तलाश पर आते है पर वर्तमान मे यहाँ बढ़ते अतिक्रमण और बढ़ते ट्राफिक लोड के कारण हादसों का खतरा लगातार बना रहता है । यहाँ दुकानदारो द्वारा अपनी दुकाने रोड के किनारे तक लगा दी जाती है जिस कारण पार्किंग की जगह की तो कमी होती ही है साथ ही साथ हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है । यहाँ हर रोज़ सिर्फ मंडला ही नहीं बल्कि आस ङ्क पास से भी लोग दर्शन करने और नज़ारो का लु त उठाने आते है ऐसे मे रोशनी और स्ट्रीट लाइट की कमी के कारण हादसों का खतरा बढ़ जाता है । घाट मे कई ऐसे भी स्थान है जहाँ रोशनी की अत्याधिक कमी है जिसमे से एनीकट का इलाका भी मु य है । अंधेरे की आड़ मे यहाँ गैरकानूनी और आसमाजिक गतिविधियाँ धड़ल्ले से चल रही है और प्रशासन को सब खबर होते हुये भी वह बेखबर बना हुआ है ।

### पार्किंग के स्थान पर लग रही दुकाने, हो रहे अवैध कब्जे

रपटा घाट ज़िले के मध्य मे स्थित है यहाँ पर जाने वाली सड़क ज़िले की व्यस्ततम सड़क है । यह सड़क ज़िले के उपनगर महाराजपुर को मु यालय से जोड़ती है इसी कारण यहाँ पर गाड़ियों का आवागमन हमेशा लगा रहता है और शाम के समय यहाँ गाड़ियों का आवागमन और भी बढ़ जाता है और ऐसी स्थिती मे दुकानदारो द्वारा सड़क तक अपने सामानो को फैला लिया जाता है जिस कारण हादसों के होने की संभावना अत्याधिक बढ़ जाती है । रपटा के पास अत्याधिक मात्रा मे अवैध दुकाने लगती है जिस कारण पार्किंग के स्थान की कमी हो जाती है और जाम की स्थिति बनी रही है । यह अवैध दुकानदार बिना किसी डर के अपनी दुकाने लगाते है और प्रशासन सोया रहता है।



### घाट के पास और एनिकट मे लाइट की कमी है बड़ी समस्या

रोशनी की कमी रपटा घाट का मु य मुद्दा है। रपटा एक पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ लोगों के आस्था का भी केंद्र है ऐसे में अंधेरे की आड़ में घाट ,एनीकट और कुंभ स्थल में बढ़ रही या सामाजिक गतिविधियों से लोगों की आस्था में आहत होती है। रोशनी की कमी का फायदा उठाकर कुंभ स्थल में सरेआम लड़के व लड़कियां असामाजिक गतिविधियां करते आपको नजर आ जाएंगे। रपटा घाट के मु य भाग में रोशनी की कमी है जिस कारण घाट की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है और लोगों के पानी में गिरने का खतरा बढ़ जाता है साथ ही साथ रोशनी की कमी के कारण घाट की खूबसूरती भी लोगों को नहीं दिख पाती। अगर घाट में रोशनी बढ़ जाती है तो इसके नजारे पर्यटकों को अपनी ओर जरूर आकर्षित करेंगे। रपटा घाट को धार्मिक स्थल के साथ-साथ पर्यटन के रूप में भी विकसित किया जा सकता है अगर इसे व्यवस्थित कर दिया जाये तो यह पर्यटन की दृष्टि से जिले का सबसे महत्वपूर्ण स्थान बन सकता है। बस प्रशासन को चाहिए कि अपनी आंखें खोलें और जिले के विकास में छोटा सा योगदान करें।

# संसार में समता और परमात्मा में ममता करना चाहिए - निर्विकल्प स्वरूप जी

आत्म संयम करने से परमात्मा की प्राप्ति होती है और यही परमानंद है, हमारे कर्म भगवान की प्रसन्नता के लिए होना चाहिए और जीवन मे कर्म प्रधान होता है।


उक्ताशय के उदगार,श्रीमद गीता के आत्म संयम योग विषय पर गीता मनीषी पूज्य ब्र हचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी ने स्मृति लान में नित्यप्रति हो रहे गीता सत्संग में व्यक्त किये। निर्विकल्प जी ने कहा कि तीन तत्व जगत,जीव और ईश्वर जिसमे जगत निरानंद है, जीव अल्पानंद है,जबकि ईश्वर पूर्णानंद। और पूर्णानंद की प्राप्ति आत्म संयम से होती है आत्म संयम प्राप्त करने के लिए गीता आवश्यक है।इस समय यही ज्ञान यज्ञ की भांति सिवनी की गीता पराभक्ति मण्डल के यजमानत्व में स्मृति लॉन में सप्त दिवसीय सत्संग के माध्यम से नित्य दोपहर 03 बजे से शाम 06 बजे तक किया जा रहा है जिसमे अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को लाभान्वित होना चाहिए` योकि ज्ञान के समान पवित्र करने वाला कुछ भी नही है, निर्विकल्प जी ने कहा कि भगवान की विस्मृति ही सबसे बड़ी विपत्ति और स्मृति ही स पत्ति है, गृहस्थ में रहकर चित्तवृत्ति का निरोध कर निष्काम कर्म करने वाला भी योगी सन्यासी



है, भगवान की प्रसन्नता के अतिरिक्त किया गया कोई भी कार्य बन्धन का कारण होता है इसलिए हम जो भी कर्म करें भगवान विष्णु की प्रसन्नता के लिए ही करें। हमे अविद्या और उसके समस्त कार्यो का त्याग करके आत्मा का आत्मा के द्वारा ही उद्धार करना चाहिए। जितेन्द्रिय हो जाओ आत्मा को अपना मित्र बनाओ और ऐसा करने के लिए भगवान का भजन करो- प्रभुजी मेरे अवगुण चित न धरो...बड़े ही सुंदर भजन के द्वारा पूज्य ब्र हचारीजी ने आज के सत्संग को विराम दिया सन्त प्रवर पूज्य ब्र हचारीजी ने अपने संस्मरण का उल्लेख करते हुए कथा के बीच में अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन जगतगुरु द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य जी को स्मरण करते हुए बताया कि एक बार जब उन्होने गुरुदेव से पूछा था कि विचारशिला में बैठकर आपने` या विचार किया था तो गुरुदेव ने उत्तर में योग वशिष्ठ रामायण का एक श्लोक उद्धरित करके बताया था कि हमें समस्त संसारिक संकल्पों का त्याग करके केवल भगवान की शरणागति प्राप्त करना चाहिए।पूज्य ब्र हचारीजी ने कर्म की प्रधानता पर प्रकाश डालते हुए विनोद पूर्वक एक दृष्टान्त देकर गीता के गूढ़ ज्ञान को सरलता से श्रद्धालु जनमानस को समझाया कि एक हनुमान जी का भक्त प्रतिदिन मन्दिर में आकर दस लाख की लॉटरी लगने की प्रार्थना करता था एक दिन हनुमान जी द्रवित होकर उसके सामने प्रकट हो गए एक चपत लगाई और बोले हर दिन यहाँ आकर हमसे लाटरी लगने की प्रार्थना तो करते हो पर ` या तुमने कभी लॉटरी की टिकट भी खरीदी है पहले टिकट तो खरीदलो।अर्थात निष्काम होकर धर्म कार्य करो यही लॉटरी की टिकट है ईश्वर भी हमारी तभी सहायता करते हैं जब हम धर्म कर्म रूपी टिकट लेकर चलते हैं गीता सत्संग का प्रार भ गीता पाठ से और अंत में आध्यत्मिक ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी से होता है जिसमे श्रद्धालुगण उत्साह के साथ हिस्सा लेते है जिससे भगवद् गीता का ज्ञान जीवन में उत्सव व् उत्साह दोनों भर देता है।

## संजय सिंह को कांग्रेस ने कैथल जिले का प्रभारी बनाया गया

छपारा यशोः- छपारा नगर के एडवोकेट संजय सिंह बैस जो की लंबे समय से कांग्रेस के कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं, और वर्तमान में जिला



कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के पद में पदस्थ हैं इनकी काबिलियत को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के पश्चात हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले की कमान सौप कर पर्यवेक्षक बनाया गया। जहां इन्होंने अपनी योग्यता से संगठन को मजबूती प्रदान करने की तैयारी लगातार कर रहे हैं, वही इनके द्वारा बताया गया कि हरियाणा प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का वक्त है किंतु कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने हेतु अपनी तैयारी में अभी से जुट गई है जिसको लेकर समय-समय पर उनके द्वारा हरियाणा प्रदेश के कैथल जिला आना-जाना लगा है और हमारा भरसक प्रयास रहेगा की कैथल जिले के साथ संपूर्ण हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत से बने।

# एडवोकेट जूनियर और पटेल 11 ने जीते अपने-अपने मैच

सिवनी यशोः- जेस परिवार के तत्वथान में आयोजित लेदर बाल प्रतियोगिता के 6वे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच एडवोकेट जूनियर और जेस यलो के मध्य हुआ। जेस यलो के कप्तान आशीष दीक्षित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

जेस यलो ने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान में मात्र 98 रन ही बना पाई। जेस की और से सर्वाधिक रन विक्की पांडे ने 27 रन बनाए एडवोकेट की और से गुलाब और मतीन गबर फिरोज और शुभम ने 1-1 विकेट लिए लक्षय का पीछा करने उतरी एडवोकेट एलेवन ने 13.4 गेंद मैं लक्ष्य प्राप्त किया। एडवोकेट की और से श्रेयांस शु ला ने सर्वाधिक 44 रनों की पारी खेली जेस की और से हेमंत ने 2 विकेट लिए इस मैच के मैन ऑफ द मैच श्रेयांस रहे हुए। प्रतियोगिता का दूसरा मैच पटेल एलेवन और बॉयस के बीच खेला गया, जिसमें बॉयस के कप्तान आशिफ पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया निर्धारित 15 ओवर में बॉयस ने 6 विकेट नुकसान मैं 129 रन बनाए जिसमे सर्वाधिक स्कोर अरविंद सूर्या ने 80 रनों की पारी खेली जिसमे शानदार 6 छक्के शामिल थे। पटेल एलेवन की और से शुऐब बाबू ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी पटेल एलेवन ने 12.5 ओवर में यह लक्ष्य 5 विकेट खो कर 132 रन बना कर 5 विकेट से यह मैच जीत लिया। पटेल एलेवन की और से शोएब बाबू ने 26 गेंद पर 42 और मोइन खान ने 19 गेंद पर 39 रनों की शानदार पारी खेली बॉयस की और से सोनू ने 2 विकेट लिए। मैच में मैन ऑफ द मैच शोएब बाबू रहे। मैच में निर्णायक की भूमिका सुनील सिंग और सुनील यादव ने निभाई । वही ऑनलाइन स्कोरिंग में आदि सरनागत कमेंट्री की भूमिका गन्नू माना ठाकुर और नीरू निर्मलकर ने निभाई। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से यूट्यूब लाइव किया जा रहा है । प्रतियोगिता के आयोजक अरुण यादव ने बताया कि शुक्रवार 22 दिसंबर को लीग का अंतिम मैच दोपहर 12 बजे से पटेल एलेवन और रवि चाचू के मध्य खेला जाएगा। सभी खेल प्रेमियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा सं या में आकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है।



## पेंशन के लंबित प्रकरण 22 तक जमा करें

मंडला यशोः- संभाग आयुक्त जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नवंबर 2023 तक मृत्यु अथवा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो चुके कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों को त्वरित निराकरण किया जाना है। इस हेतु संबंधित विभाग प्रमुख आगामी 22 दिसंबर 2023 तक पेंशन कार्यालय मंडला में लंबित प्रकरणों को प्रस्तुत कर निराकरण करा सकते हैं। विलंब की स्थिति में जवाबदारी कार्यालय प्रमुख की मानी जायेगी एवं कार्यालय प्रमुख का माह दिस बर 2023 का वेतन रोका जायेगा।

## सुशासन की शपथ 22 दिस बर को

मंडला यशोः - भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिस बर के एक दिन पूर्व 24 दिस बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 24 दिस बर 2023 को रविवार एवं 23 दिस बर 2023 को शनिवार का शासकीय अवकाश होने के कारण समस्त शासकीय अधिकारी, कर्मचारी अपने अपने कार्यालयों में 22 दिसंबर 2023 को प्रातः 11 बजे सुशासन की शपथ लेंगे।

## हिमालय हो स बरघाट में ढाई लाख की चोरी,चोर हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद

बरघाट यशोः- बरघाट के डीपीएस स्कूल के सामने हिमालय हो स में विगत रात्रि चोर ने हाथ साफ कर दिया। चोर में लगभग ढाई लाख रुपये नगदी के साथ एक कटर मशीन भी साथ में ले गया। हर दिन की तरह मंगलवार रात में लगभग आठ नौ बजे दुकान के मालिक सनी चैतगुरु अपनी दुकान बंद कर घर चले गए, बुधवार की सुबह जब अपनी दुकान खोलने आए तो उन्होंने देखा की सामने और बाजू वाली शटर के ताले टूटे हैं, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को चोरी की जानकारी दी, इसके बाद घटनास्थल पर एसडीओपी ललित गठरे, थाना प्रभारी कृपाल शाह टेकाम ने पहुंचकर चोरी की घटना की जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज खगाले, जिसमें चोर चोरी करते साफ नजर आ रहा है, मामले की थाने में एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जा रही है। हमारे द्वारा घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज ले लिए गए हैं, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल जा रहे हैं, फिंगरप्रिंट ऐ सपर्ट में फिंगर भी ले लिए हैं



कृपाल शाह टेकाम
थाना प्रभारी बरघाट

# स पन्न एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था पर व्या यान संपन्न

मंडला यशोः- रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मण्डला में विकसित भारत 2047 आईडिया पोर्टल का कार्यक्रम जिसका विषय स पन्न एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था पर व्या यान का आयोजन किया गया। विषय विषेषज्ञ डॉ. संजय वर्मा ने प्रति व्यक्ति आय एवं राष्ट्रीय आय को बढ़ाने के सुझाव बताये जिससे कि देष की आर्थिक स्थिति स पन्न एवं सुदृढ़ हो सके, साथ ही विषय विषेषज्ञ के रूप में डॉ. अनिल कुमार चौरे ने भारतीय अर्थ व्यवस्था को गति प्रदान करने के लिये समाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार लाने हेतु छात्रों को जानकारी प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्ही.के. चौरसिया के मु य आतिथ्य प्राध्यापक डॉ. टी.पी. मिश्रा, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. एस.एस. ज्योतिषी, अरविंद ठाकुर एवं महाविद्यालय के समस्त संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## महिला हिंसा के खिलाफ समूह की महिलाओं द्वारा चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

मंडला यशोः- लिंग आधारित हिंसा के विरोध में महिलाओं को जागरूक करने के लिए आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की सक्रिय बहनों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बीजाडांडी विकासखंड की ग्राम पंचायतों में पिछले एक पखवाड़े से आजीविका मिशन एवं टीआरआई संस्था के सहयोग से पूर्व नियोजित कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम की टैग लाइन है सहेंगे नहीं, कहेंगे; चुप्पी तोड़ेंगे जिससे स्पष्ट होता है कि समाज के सभी वर्गो चाहे पुरुष हो या स्त्री, हिंसा के खिलाफ जागरूक करना और हिंसा के प्रकार एवं स्वरूप के बारे में अवगत कराया जाना जरूरी है। हिंसा का असर सिर्फ जिसके ऊपर हिंसा की जा रही है उस पर ही नही होता है बल्कि हिंसा करने वाले के साथ ही उसका असर पूरे समाज पर दिखता है इसलिये हिंसा करना तथा हिंसा सहना और हिंसा होते हुये देखना भी सही नही है इस के खिलाफ सभी को आवाज उठानी चाहिये। जागरुकता कार्यक्रमों में महिलाओं को घरेलू हिंसा, शारीरिक हिंसा, अर्थिक हिंसा, यौनिक हिंसा तथा मानसिक हिंसा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रतिदिन हो रहे कार्यक्रमों में महिला हिंसा के विरोध में जागरूकता रैली, शपत ग्रहण, रंगोली, दिवाल लेखन, बैठके, मेहंदी, स्लोगल, कार्य स्थलों में होने वाली हिंसा के लिये बने कानून पौष आदि के माध्यम से समाज में जागास्कता लाने का काम किया जा रहा है जिसमें आजिविका मिशन की दीदियों की अहम भूमिका है। साथ ही नारी अधिकार केन्द्र की सीआरपी लोक अधिकार केन्द्र की सीआरपी के द्वारा सफलतापूर्वक पूरे एक माह से ज्यादा चलने वाले इस कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। इस उ मीद के साथ की हम एक लैंगिक हिंसा मुक्त समाज बना सके।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा से डबल इंजन सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं - आलोक दुबे

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। प्रदेश में यह यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई है जो 25 जनवरी तक जिले की सभी 635 पंचायतो में पहुँचेगी इस यात्रा का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना से वंचित रह गये पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुँचान है इस यात्रा के माध्यम से सरकार पवित्र मंशा की पूर्ति होना चाहिये और हर पात्र व्यक्ति को इस योजना का लाभ प्राप्त होना सुश्चित हो इसके लिये यात्रा के साथ सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहते है जो पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित कर रहे है । सरकार कल्याणकारी योजनाओं से कोई भी वंचित न रहे यह सुनिश्चित करने के लिये भाजपा के काय्रकर्त्ता और समाजसेवी भी अपनी भूमिका करें ।

उक्ताशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे गत दिवस सिवनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नदौरा एवं सीलादेही में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर उपस्थित जनसमुदाय से चर्चा करते हुये कहीं इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और जिला चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक वेद सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल बघेल, प्रवीण भारद्वाज, शिवसनोडिया आदि शामिल रहे ।



भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा है कि भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर वंचितों को गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। राज्य सरकार का तंत्र इस यात्रा को सफल बनाने का कार्य कर रही है, भाजपा के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी इस यात्रा में शामिल होकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रहीं गरीब कल्याण योजनाएं गरीबों का जीवन बदलने का कार्य कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनका जीवन बदलने का कार्य करेगी।

श्री दुबे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारी भी पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान कर रहे है अनेक पात्र व्यक्तियों को इस यात्रा से बड़ा लाभ हो रहा है और इस यात्रा के माध्यम से जन जागरूकता के कार्यक्रम भी आमजनता को लाभ प्रदान कर रहे है । श्री दुबे ने कहा कि स्वच्छता एवं कृषि संबंधी सलाह बेहद उपयोगी साबित हो रही है । किसानों को कृषि संबंधी सलाह हर स्थान पर प्रदान करने के लिये यात्रा के अधिकारियों से आवश्यक रूप से सुनिश्चित कराये।

श्री दुबे ने कहा कि भाजपा की सरकारे जो कहती है वह करती है मोदी की गारंटी पर आमजनता ने बड़ा भरोसा जताया है और प्रदेश में पांचवी बार भाजपा की सरकार बड़े बहुमत के साथ वापिस आयी है आमजनता ने जो भरोसा भाजपा पर जताया है उस विश्वास पर हमारा नेतृत्व निरंतर काम कर रहा है हमें भी आमजनता के बीच सक्रिय होकर काम करने की आवश्यकता है ।

## बीसी स  ियों का प्रशिक्षण संपन्न

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन 1जीपी 1बीसी योजना अंतर्गत आरसेटी केंद्र बीझावाडा सिवनी में 13/12/2023 से 20/12/23 तक 25 बीसी सखियों का 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संचालित हुआ, जिसमें समस्त 25 बीसी सखियों ने आई.आई.बी.एफ. परीक्षा में उपस्थित होकर परीक्षा उत्तीर्ण की। सभी बीसी सखियों की सीएससी आईडी बनवाकर उन्हें बायोमेट्रिक डिवाइस प्रदाय की जायेगी। समस्त बीसी अपने पंचायत क्षेत्रों में ग्राहक सेवा केन्द्र की स्थापना कर शासन की योजनाओं से संबंधित बैंकिंग सेवायें एवं सुविधाये उपलब्ध करायेगी।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297